अनुक्रमांक ....................................... समय : 2.00 घण्टा

नाम ............................................... पूर्णांक : 50

# प्रश्न-पुस्तिका
# प्रथम सेमेस्टर – 2018
## (बाल विकास एवं सीखने की प्रक्रिया)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** किशोरावस्था को गम्भीर उथल-पुथल की अवस्था कहा है- **(1)**

(A) स्टेनले हॉल ने (B) स्किनर ने

(C) ब्रूनर ने (D) बागले ने

**2.** $\frac{\text{मानसिक आयु}}{\text{वास्तविक आयु}} \times 100$ सूत्र से मापन किया जाता है- **(1)**

(A) अर्जित ज्ञान का (B) बुद्धि-लब्धि का

(C) आयु का (D) लम्बाई का

**3.** वह मानसिक योग्यता जिसके द्वारा व्यक्ति किसी नवीन रचना को प्रस्तुत करता है, कहलाती है- **(1)**

(A) ज्ञान (B) योग्यता

(C) सृजनात्मकता (D) इनमें से कोई नहीं

**4.** शारीरिक रचना, बुद्धि-रुचि, व्यक्तित्व आदि में एक व्यक्ति का दूसरे व्यक्ति से भिन्न होना कहलाता है- **(1)**

(A) सामूहिक भिन्नता (B) बौद्धिक भिन्नता

(C) शारीरिक भिन्नता (D) वैयक्तिक भिन्नता

**5.** संज्ञानात्मक क्षमता की कमी से व्यक्ति को कठिनाई होती है- **(1)**

(A) शारीरिक विकास में (B) बौद्धिक विकास में

(C) व्यावसायिक विकास में (D) समायोजन में

**6.** सिगमण्ड फ्रॉयड द्वारा प्रतिपादित व्यक्तित्व विकास के सिद्धान्त को कहा जाता है- **(1)**

(A) शारीरिक विकास का सिद्धान्त (B) भावात्मक विकास का सिद्धान्त

(C) मनोविश्लेषणात्मक सिद्धान्त (D) ज्ञानात्मक सिद्धान्त

**7.** परोक्ष वस्तुओं के सम्बन्ध में चिन्तन कहलाता है- **(1)**

(A) कल्पना (B) चिन्तन

(C) तर्क (D) स्मृति

**8.** किसी समस्या का समाधान करने के लिए गत अनुभवों को नये ढंग से समायोजित किया जाना कहलाता है- **(1)**

(A) तर्क (B) चिन्तन

(C) कल्पना (D) स्मृति

**9.** किसी के द्वारा विभिन्न परिस्थितियों में समायोजन कहलाता है- **(1)**

(A) शारीरिक स्वास्थ्य (B) संवेगात्मक विकास

(C) मानसिक स्वास्थ्य (D) उपर्युक्त सभी

**10.** सीखने की मात्रा तथा समय के सम्बन्ध को चित्रांकित करने वाली वक्र रेखा कहलाती है- **(1)**

(A) अधिगम (B) पठार वक्र

(C) सम्प्राप्ति वक्र (D) बुद्धि-लब्धि वक्र

**11.** जब कोई बालक सीखने को तत्पर होता है, तब वह चीजों को जल्दी से सीखता है, यह थार्नडाइक के सीखने के किस नियम के अन्तर्गत आता है ? **(1)**

(A) प्रभाव का नियम
(B) तत्परता का नियम
(C) अभ्यास का नियम
(D) इनमें से कोई नहीं

**12.** सीखने के किस सिद्धान्त के अन्तर्गत व्यक्ति सम्पूर्ण परिस्थिति के प्रत्यक्षीकरण के आधार पर सीखता है? **(1)**

(A) प्रयत्न और भूल का सिद्धान्त
(B) सम्बद्ध प्रतिक्रिया का सिद्धान्त
(C) अनुकरण का सिद्धान्त
(D) अन्तर्दृष्टि या सूझ का सिद्धान्त

**13.** वे प्रेरक जिन्हें व्यक्ति अपने प्रयासों से प्राप्त करता है, कहलाते हैं- **(1)**

(A) अर्जित प्रेरक
(B) जाग्रत प्रेरक
(C) निर्देशित प्रेरक
(D) व्यवहार को परिचालित प्रेरक

**14.** अधिगम, धारणा, पुनः स्मरण तथा पहचान आदि प्रक्रियाएँ आती हैं- **(1)**

(A) ध्यान के अन्तर्गत
(B) कल्पना के अन्तर्गत
(C) रुचि के अन्तर्गत
(D) स्मृति के अन्तर्गत

**15.** वह प्राप्तांक जो किसी प्रदत्त को दो बराबर भागों में बाँटता है, कहलाता है- **(1)**

(A) समान्तर माध्य
(B) माध्यिका
(C) बहुलक
(D) उपर्युक्त सभी

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**16.** बाल विकास के अन्तर्गत शैशवावस्था की आयु कितनी होती है? **(1)**

**17.** जन्म के समय शिशुओं के भीतर कितने संवेग पाये जाते हैं? **(1)**

**18.** बुद्धि के बहुकारक सिद्धान्त का प्रतिपादन किसने किया? **(1)**

**19.** अन्तर्मुखी व्यक्तित्व से क्या तात्पर्य है? **(1)**

**20.** सामान्य बौद्धिक स्तर के बालक की बुद्धि-लब्धि कितनी होती है? **(1)**

**21.** बुद्धि परीक्षण के लिए प्रयुक्त होने वाले टी.ए.टी. परीक्षण का निर्माण किसने किया ? **(1)**

**22.** बालक के केन्द्रक में सामान्यतया कितने गुणूसत्र होते हैं? **(1)**

**23.** 'सीखने का स्थानान्तरण' सम्प्रत्यय को स्पष्ट कीजिए। **(1)**

**24.** बालक के कोषों एवं पेशियों में समय पर ही कोई कार्य करने के योग्य होता है, क्या कहलाता है? **(1)**

**25.** वैयक्तिक एवं सामूहिक बुद्धि परीक्षण में मुख्य अन्तर क्या है? **(1)**

**26.** पावलाव ने सीखने से सम्बन्धित अपने सिद्धान्त का प्रतिपादन किसके ऊपर प्रयोग करके किया? **(1)**

**27.** थार्नडाइक ने अपने सीखने के सिद्धान्त के अन्तर्गत कितने नियमों की चर्चा की है? **(1)**

**28.** प्यास, भूख, निद्रा, प्रतिष्ठा में से कौन-सा अर्जित अभिप्रेरणा के अन्तर्गत आता है? **(1)**

**29.** सीखी गई सामग्री को पुनः स्मरण रखने की असफलता क्या कहलाती है? **(1)**

**30.** किसी अवर्गीकृत प्रदत्त में सबसे अधिक बार आने वाली संख्या क्या कहलाती है? **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**31.** जन्म से किशोरावस्था तक बच्चे के सामाजिक विकास को विस्तार से समझाइए। **(2)**

**32.** बच्चे के मानसिक विकास में 'वंशानुक्रम और वातावरण' का सापेक्षिक महत्व है, पर समीक्षात्मक व्याख्या दीजिए। **(2)**

**33.** सीखने के पठार के कारण एवं उन्हें दूर करने के उपाय बताइए। **(2)**

**34.** पावलाव के सम्बद्ध प्रतिक्रिया सिद्धान्त क्या हैं? इस सिद्धान्त का चित्र भी बनाइए। **(2)**

**35.** अभिप्रेरणा किसे कहते हैं? अभिप्रेरणा के प्रकार बताइए। **(2)**

**36.** ध्यान एवं रुचि में क्या सम्बन्ध है? एक ऐसी सूची बनाएँ जिससे आप कक्षा में बच्चों में रुचि उत्पन्न कर सकते हैं? **(2)**

**37.** शिक्षा में वैयक्तिक भिन्नताओं के प्रभाव की विवेचना कीजिए। **(2)**

**38.** स्मृति को परिभाषित कीजिए। स्मृति के विभिन्न प्रकारों को उदाहरण देकर समझाइए। **(2)**

**39.** आप कक्षा में बच्चों के भूलने की क्रिया को कैसे नियन्त्रित करेंगे? भूलने की गति को रोकने के उपाय सुझाइए। **(2)**

**40.** सांख्यिकी से आप क्या समझते हैं? सांख्यिकी के प्रकारों की संक्षिप्त चर्चा कीजिए। **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-1/bal-vikas-evam-sikhne-ki-prakriya/2018

2. बाल विकास एवं सीखने की प्रक्रिया का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-1/bal-vikas-evam-sikhne-ki-prakriya/

3. बाल विकास एवं सीखने की प्रक्रिया के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-1/bal-vikas-evam-sikhne-ki-prakriya/

---

**हमसे जुड़ें**

Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN